एक नजर में

हिन्दी ई पत्रिका नव-सृजन का विमोचन

इंदौर. पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय इंदौर में हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया. सरकारी कार्य में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया गया था जिसके अंतर्गत् विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. इसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया . इसी प्रकार कर्मचारियों में हिन्दी लेखन के प्रति अभिरूचि जगाने एवं हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु आत्मविश्वास बढ़ाने तथा इंदौर डाक परिक्षेत्र के अंतर्गत् क्रियान्वित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देने हेतु ई-पत्रिका नव-सृजन का अनावरण श्रीमती अग्रवाल द्वारा किया गया. पखवाड़ा के दौरान आयोजित हिन्दी निबंध लेखन व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सचिन जौहरिया, हिंदी सुलेख प्रतियोगिता में सुमानसचन्द्र अलावा पत्र व टिप्पणी लेखन प्रतियोगिता में प्रवीण बागबान व तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में संदीप जाधव द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया.

शहीदों, संतों, प्रचारकों का तर्पण

इंदौर. देश के शहीदों, महापुरुषों, आर.एस.एस.के दिवंगत प्रचारकों, स्वयंसेवकों और भाजपा के दिवंगत नेताओं, कार्यकर्ताओं, ब्रह्मलीन संतो, मनीषियों और आतंकी हमलों में दिवंगत हुए निर्दोष नागरिकों का कृष्णपुरा छत्री पर संस्था आनन्द गोष्ठी द्वारा श्राद्ध,तर्पण आचार्य पं. मनोज भार्गव के सानिध्य में किया. श्राद्ध पक्ष में प्रदोष तिथि पर अलौकिक आयोजन संस्था आनंद गोष्ठी के संयोजक लव गोविन्द मालू ने किया. इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी योगेन्द्र महन्त, वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन वर्मा सहित कई गणमान्यजन, पुरुष एवं महिलाओं भाजपा कार्यकर्ताओं तथा संस्था के स्वयंसेवकों ने तर्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस अवसर पर अनंत महन्त, लक्ष्मीनारायण भार्गव,अशोक चतुर्वेदी,तेजकरण साहू, दिनेश गोयल, अमित विजयवर्गीय उपस्थित थे.

भागवत की प्रासंगिकता खत्म नहीं हो सकती

इंदौर. हमारी सनातन संस्कृति किसी का अनादर और अपमान नहीं करती, इसिलए भारतीय संस्कृति को सनातन माना गया है. इतिहास साक्षी है कि सनातन कभी समाप्त नहीं होने वाला धर्म है. सनातन धर्म से ही भारत भूमि की पहचान है. ऐसे ही भागवत की प्रासंगिकता कभी खत्म नहीं हो सकती है, ये विचार हैं स्वामी लोकेशानंदजी महाराज के, जो उन्होंने दिव्य शक्तिपीठ के सभागृह में आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-सुदामा प्रसंग की भावपूर्ण व्याख्या के दौरान व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व प्रमुख यजमान समाजसेवी दुर्गेश-निशा अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल तथा आयोजन समिति की ओर से संतोष अग्रवाल, भारत मीरचंदानी, प्रसन्ना चांडक, सीताराम मित्तल, मणिकांत गुप्ता, मनीष गोयल एवं संजय गर्ग ने व्यासपीठ का पूजन किया. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से स्वामी लोकेशानंद का अभिनंदन भी किया गया। समापन के दौरान यज्ञ-हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वयं स्वामी लोकेशानंद ने भक्तों के साथ पूर्णाहुति संपन्न की.

महाराजा अग्रसेन-महालक्ष्मी की संगीतमय आरती आज शाम

इंदौर. अग्रवाल समाज के पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5148वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री अग्रोहा कपल्स ग्रुप एवं जय दादी दरबार के संयुक्त तत्वावधान में 1 अक्टूबर को सायं 7 बजे अग्रसेन चौराहा स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर कुलदेवी महालक्ष्मी, एवं महाराजा अग्रसेन के दरबार का भव्य पुष्प श्रृंगार कर 501 दीपों से महाआरती के साथ पीथमपुर की सिद्धेश्वर महादेव मंदिर शिवभक्त परिवार की 70 सदस्यीय टीम भी आएगी, जो संगीतमय महाआरती की अदभुत प्रस्तुति भी देगी। महिलाओं द्वारा आरती की थाली सजाकर लाने पर आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे. महोत्सव समन्वयक श्रीमती संगीता अरविंद बागड़ी, उषा बंसल, निर्मला जिंदल, किरण तायल, ज्योति-विनोद, गायत्री-राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि महाआरती के इस आयोजन में महिला संगठनों की संख्या बढ़कर 30 तक पहुंच गई है। सोमवार को बागड़ी सदन पर आयोजित बैठक में तृप्ति गोयल, शीतल तोड़ीवाला एवं शीतल-रवि अग्रवाल, कृष्णा- विनोद सिंघानिया, स्वाति-राजेश मंगल, दीप्ति अग्रवाल, दीपिका-आशीष गोयल, पिंकी अग्रवाल, वर्षा बंसल, अनामिका अग्रवाल, राधादेवी मित्तल, सूरजदेवी बंसल, राधा-राजेन्द्र अग्रवाल, शशि ऐरन, किरण-विनोद बागड़ी, पुष्पा ऐरन, सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने सुझाव दिए.

भाजपा जिला की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक

इंदौर। भाजपा जिला इंदौर की सदस्यता अभियान को लेकर आज भाजपा कार्यालय पर जलसंसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा, सदस्यता अभियान प्रभारी जिला प्रभारी रायसिंह सेंधव, जिला सदस्यता प्रभारी सुनील तिवारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक संपन्न हुई. बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने कहा संगठन पर्व में जिस उत्साह से कार्यकर्ताओं ने बूथों पर जाकर संगठन विस्तार की इबारत लिखी है, उसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश में हो रही है. है, अब प्रदेश संगठन ने आपकी क्षमता को देखते हुए इंदौर जिले को सवा लाख नये सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है. सदस्यता अभियान में भी कुछ बूथों पर हम कम सदस्यो को जोड़ पाए है, उन बूथों पर जाकर नये सदस्य जोड़ने का काम कर भाजपा को सशक्त बनाने का कार्य करें. मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर जिला हमेशा इतिहास रचने का काम करता है. सदस्यता अभियान में भी हमारे कार्यकर्ताओं के परिश्रम से इंदौर जिला तीसरे नंबर पर है. सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि हमें प्रदेश संगठन ने नया लक्ष्य दिया है, उसे प्राप्त करने के लिए प्रत्येक मंडल बूथ स्तर पर योजना बनाकर कार्य करें. बैठक में जिला उपाध्यक्ष रामविलास पटेल, अंतर दयाल, मुकेश चौहान, सतीश मालवीय, जिला मंत्री सुभाष पाटीदार, वरुण पाल, मुकेश जरिया, सहित मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी उपस्थित थे.

स्टार्टअप बेसिक होम लोन को मिली 87 करोड़ की फंडिंग

इंदौर. मॉर्गेज वितरण के लिए फिनटेक प्लेटफॉर्म बेसिक होम लोन ने सीरीज़ बी फंडिंग राउण्ड में 10.6 मिलियन डॉलर (रु 87.5 करोड़) की राशि जुटाई है. इस निवेश का नेतृत्व जर्मन कंपनी बर्टेल्समैन एसई एण्ड जेजीएए की निवेश शाखा बर्टेल्समैन इंडिया इन्वेस्टमेन्ट के नेतृत्व में किया गया. इस राउण्ड में मौजूदा निवेशकों, जैसे गृहास, लैट्स वेंचर, 9 यूनिकॉर्न्स और वेंचर्स कैटेलिस्ट्स भी शामिल रहे. बेसिक होम लोन ने इस नई जुटाई गई राशि से बाज़ार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने, अपने ऋण पोर्टफोलियो का विस्तार करने तथा तकनीकी क्षमता बढ़ाने की योजना बनाई है. फिनटेक स्टार्टअप का मुख्यालय गुरूग्राम में है, जो पहले तीन राउण्ड की फंडिंग में 8.7 मिलियन डॉलर की राशि जुटा चुका है. बेसिक होम लोन के सीईओ एवं सह-संस्थापक अतुल मोंगा ने कहा हमें खुशी है कि भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले लाखों लोगों के लिए घर खरीदने का सपना साकार करने की हमारी यात्रा में बर्टेल्समैन हमारे निवेशक बन गए हैं.

ब्रिज का काम अटका, जाम में फंसा राऊ चौराहा

ओवरब्रिज के बचे काम में बारिश बनी बाधा



नवभारत न्यूज

इंदौर. पश्चिम क्षेत्र में एबी रोड राऊ चौराहे पर दिनभर यातायात जाम लग रहा है. इसकी वजह फ्लाई ओवर ब्रिज का बचा काम बारिश के कारण पूरा नहीं होना है. वहीं दूसरी तरफ ब्रिज के दोनों आने जाने के रास्ते गड्ढे से भरे पड़े हैं.

राऊ चौराहे पर एनएचएआई फ्लाई ओवर ब्रिज बना रहा है. उक्त ब्रिज निर्माण के कारण इंदौर से मुंबई, महू जाने और मुंबई, पीथमपुर से आने वाले वाहनों से दिनभर यातायात जाम रहने लगा है. स्थिति यह है कि उक्त राऊ चौराहे पर दो पहिया वाहनों को एक एक घंटा निकलने में लग रहा है.

इतना ही नहीं कार और भारी वाहन तो दो से तीन घंटे तक फंसे रहते है. यातायात जाम लगने की वजह ब्रिज निर्माण के दौरान आने जाने वाले सर्विस रोड पर अनगिनत गड्ढे है. गड्ढों में भारी वाहन और कार फंस जाते हैं, वहीं जल्दी के चक्कर में कार और दो पहिया वाहन चालक उल्टी सीधी गाड़ी फंसा देते हैं. भारी वाहन रेंगते रहते हैं, भारी वाहन गड्ढों में छोटे वाहन को जगह देने के चलते आगे नहीं बढ़ पाते हैं.

फिलहाल राऊ चौराहे पर जाम की स्थिति बुरी है कि वहां से शहर में प्रवेश करना हो या बाहर निकलना हो, दोनों ही मामले में कम से कम कार से एक घंटा और बस से दो घंटे का समय लगना तय है. दूसरी तरफ राऊ ओवरब्रिज निर्माण का काम पूरा हो चुका है. ब्रिज पर बारिश के कारण डामरीकरण और अन्य छोटे छोटे काम नहीं हो पा रहे है. इस कारण ब्रिज शुरू होने में लेट लतीफी हो रही है.

इनका कहना है...

ब्रिज पर एक महीने का काम बचा है. बारिश के कारण डामरीकरण नहीं कर पा रहे है और छोटे-छोटे फिनिशिंग के काम बाकी है. बारिश बंद होने पर एक माह में ब्रिज शुरू हो जाएगा.

- सोमेश बांझल, एनएचएआई के रीजनल मैनेजर

दीपावली को लेकर इंदौर के विद्वान एक मत

एक नवंबर को मनाई जाएगी

इस बार 6 दिन का होगा दीपपर्व

इंदौर. दीपावली त्योहार कब मनाएं? इस विषय पर पंचांगों में मतभेद हैं. कुछ पंचांग 31 अक्टूबर को तो कुछ 1 नवंबर को दीपावली बता रहे हैं. इससे आमजन में भ्रम का वातावरण बन रहा है. इसको लेकर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में प्रदेश स्तर के ज्योतिषी, प्रमुख मठ मंदिर के पुजारी और शोध अध्येताओं की बैठक का आयोजन हुआ. डॉ अभिषेक पाण्डेय और आचार्य गोपालदास बैरागी ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस, 31 को नरक चतुर्दशी, 1 नवंबर को दीपावली 2 को प्रतिपदा पर अन्नकूट, 03 को यम द्वितीया और भाई दूज मनाई जाएगी।

बैठक में मप्र ज्योतिष संगठन के अध्यक्ष आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, संस्कृत महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ विनायक पाण्डेय, पूर्व राज्यमंत्री योगेंद्र महंत, रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी दीपेश व्यास, ज्योतिर्विद पं. विजय अडीचवाल, जूना गणेश मंदिर से ज्योतिषाचार्य प्रदीप जोशी, डॉ उमाशंकर पुरोहित, भागवताचार्य रुचित द्विवेदी, वैष्णव प्रभा के संपादक नारायण वैष्णव, जुगल बैरागी, आशीष दुबे, कपिल शर्मा, विनीत त्रिवेदी सिद्ध, गोपाल पाण्डेय आदि सम्मिलित थे. इस बैठक में कुछ विद्वान इंदौर से बाहर होने के कारण से ऑनलाइन जुड़े. इनमें प्रमुख रूप से खजराना गणेश मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक भट्ट, ज्योतिषाचार्य चंद्रभूषण व्यास, कपिल काशी गुरु (महू), भुवनेश्वरी ज्योतिष संस्थान के डॉ संतोष भार्गव, गिरीश व्यास, सुनील भार्गव आदि ने भी समर्थन दिया. प्राचार्य डॉ तृप्ति जोशी ने सभी का स्वागत किया.

16 जोन में 20 तलघर और 70 दुकानें सील

अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

इंदौर. प्रशासन और नगर निगम ने आज 20 तलघर, 70 दुकानें और चार गोडाउन सील किए. आज पार्किंग की जगह अन्य उपयोग करने वाले भवन मालिकों के खिलाफ अभी तक की सबसे बड़ी कारवाई की गई है. नगर निगम के 16 झोन अधिकारियों ने अलग अलग क्षेत्र में तलघर और दुकानें सील की.

कलेक्टर अशीष सिंह और निगमायुक्त शिवम वर्मा के निर्देश पर पिछले एक पखवाड़े से शहर में तलघर और पार्किंग की जगह पर व्यवसायिक गतिविधि संचालित करने पर सील करने की कारवाई जारी है. इस कड़ी में आज अभी तक की सबसे बड़ी संख्या में दुकानें और तलघर के साथ गोडाउन सील किए गए है. आज नगर निगम और प्रशासन

के अधिकारियों ने 22 में से 16 झोन पर करवाई को अंजाम दिया. कारवाई के दौरान अलग अलग क्षेत्र के एसडीएम जूनी इंदौर घनश्याम धनगर, मल्हारगंज एसडीएम निधि वर्मा और राऊ एसडीएम विनोद राठौर एवं नगर निगम के झोंन 1 से 16 के भवन अधिकारी और भवन इंस्पेक्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे.

इन स्थानों पर कार्रवाई...

संयुक्त अभियान के तहत आज प्रमुख रूप से अमर विलास होटल तलघर, एमजी रोड पर अकबर अली कॉम्प्लेक्स की 44 दुकानें, पिपलिया पाला स्थित सोलारिस होटल, कंचन तिलक, आइडियल इंटरनेशनल स्कूल शामिल है. इसके अलावा नगर निगम ने द्वारकापुरी, कालानी नगर, इमली बाजार, यशवंत निवास रोड, जति कॉलोनी, शांतिनाथपुरी, स्कीम नंबर 54 और 51, नयापुरा, गोविंद कॉलोनी, अंबिकापुरी, प्राइम सिटी, सांवेर रोड, चंद्र नगर और धेनु मार्केट में पार्किंग स्थल पर व्यापारिक गतिविधि संचालित होने पर सील की कारवाई की गई.

दो महिला पार्षद बैठी गंदे पानी से भरे गड्ढे में

लगाया भेद भाव का आरोप

नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा महिला कांग्रेस पार्षदों के क्षेत्र में गड्ढे नहीं भरने और भेदभाव को लेकर प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान महिला पार्षदद्वय स्वयं गंदे पानी से भरे गड्ढे में बैठ गई और महापौर, विधायक को गड्ढे में डूबने की सलाह दे दी.

सुबह वार्ड 45 की शेफू वर्मा और 46 की सोनाली मिमरोट भाटिया ने रहवासियों के साथ गड्ढे में भरे गंदे पानी बैठ कर प्रदर्शन किया. दोनों महिला पार्षदों का आरोप था कि पूरे शहर में गड्ढे भरे जा रहे है, लेकिन हमारे वार्डों की सुध नहीं ली जा रही है. कई बार शिकायत करने के बाद भी रहवासी घुटने घुटने तक भरे गंदे पानी के गड्ढे में से निकलने को मजबूर है. दोनों पार्षद और रहवासियों ने बताया कि पिछले दस सालो से सड़क बनाने और टेंडर निकलने और निरस्त करने का काम चल रहा है. वहां बच्चे स्कूल जाने से डरते है, रिक्शा पलटी खा जाते है. दो पहिया वाहन चालक रोज गिरते है। महिला पार्षदों की मांग थी कि शहर में दो घंटे में सड़क के गड्ढे भर कर सूखने वाली

तकनीक से काम हो रहा है. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विधायक महेंद्र हार्डिया को दिखाई नहीं देता? क्षेत्र की सड़क के गड्ढे नहीं भरने लेकर रहवासियों ने जमकर नारेबाजी और गंदे पानी में बैठकर प्रदर्शन किया. इस दौरान दोनों पार्षदों ने कांग्रेस से होने के कारण हमारे वार्डो में काम नहीं करने का आरोप लगाया. महापौर और अधिकारियों पर क्षेत्र के रहवासियों के साथ भेदभाव कर काम नहीं करने के बात कहीं. रहवासियों ने महापौर और अधिकारियों से मौके पर आकार बात करने के मांग की.

जनता परेशान हो रही - पार्षद शेफु वर्मा ने कहा कि जनता परेशान है और महापौर, विधायक और अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रेंग रही है. आज हमने वार्ड के गड्ढे नही भरने को लेकर प्रदर्शन किया।

महिलाओं के उद्धार में ही देश का उद्धार

विकसित भारत में शिक्षित महिला की भूमिका पर राष्ट्रीय कार्यशाला

इंदौर. समाज में जाकर जड़ों तक पहुंचाने की आवश्यकता है। तभी हम किसी परिवर्तन का आधार तैयार कर सकेंगे.

यह बात महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कही. वे शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा कंप्यूटर विज्ञान विभाग में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. कार्यशाला का विषय विकसित भारत में शिक्षित महिला की भूमिका था. शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी ने कहा है कि महिलाओं के उत्थान में ही देश का उत्थान समाहित है. जब तक देश में महिलाओं का उत्थान नहीं हो जाता तब तक देश प्रगति की राह पर

लक्ष्य के अनुरूप गति हासिल नहीं कर सकता है. कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला की विभागाध्यक्ष डॉ सोनाली नरगुंदे के द्वारा किया गया.

महिलाओं की बड़ी भूमिका

विभाग अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह न्यास के राष्ट्रीय सचिव मुख्य अतिथि डॉ अतुल कोठारी , देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ रेणु जैन , डॉ शोभा ताई, डॉ वैशाली वायंगर को दिया गया. शोभा ताई ने सभी अतिथियों का परिचय कराया. कुलगुरु डा रेणु जैन ने कहा कि विकसित भारत में शिक्षित महिलाओं की भूमिका बहुत बड़ी है. आभार प्रदर्शन डॉ बबिता कलकिया ने किया.

ज्वालाजी की अखंड लौ की ज्योत दिव्यशक्ति पीठ में स्थापित होगी

इंदौर. एम.आर 10 रोड स्थित रेडिसन होटल के पास, शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित प्रमुख शक्तिपीठ ज्वालाजी की प्रज्वलित अखंड लौ की ज्योत स्थापित की जाएगी. यह ज्योत हमेशा जलती रहेगी, जिससे इंदौर के भक्तों को माता के दर्शन का लाभ मिलेगा. यह विशेष व्यवस्था उन भक्तों के लिए होगी, जो ज्वालाजी के मंदिर तक नहीं पहुँच सकते.

दिव्य शक्ति पीठ इंदौर की प्रमुख डॉ दिव्या गुप्ता ने बताया की 40 प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों का जत्था 1 अक्टूबर को ज्वालाजी से अखंड लौ की ज्योत लेकर निकलेंगे और 3 अक्टूबर को इंदौर आएंगे. इस विशेष अवसर पर सत्य साईं चौराहे से दिव्य शक्ति पीठ तक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा.

इसमें भक्त पीतांबर वस्त्र के साथ पारम्परिक वेशभूषा के साथ बड़ी संख्या शामिल होगी, जो अपने श्रद्धा भाव के साथ इस यात्रा में भाग लेंगे. विष्णु बिंदल, सुनील गुप्ता, अनूप सिंघल, अजय अग्रवाल, विमल तोड़ी ने बताया कि ज्वाला देवी का मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है. इंदौर के भक्तों के लिए यह एक अनूठा अवसर होगा, जब वे ज्वालाजी की अखंड लौ की ज्योत के दर्शन कर सकेंगे.

यह आयोजन ज्वाला देवी की कृपा और आशीर्वाद का प्रतीक बनेगा, जिससे भक्तों में आस्था और विश्वास और भी मजबूत

होगा. भक्तों के लिए यह एक नई शुरुआत होगी, जहां वे ज्वाला देवी की अनुकंपा का अनुभव कर सकेंगे.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइल हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपत्ति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपत्ति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपत्ति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चों सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयल कर देता है तो सिक्योर्ड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

देनदारों का नाम	सिक्योर्ड एसेट अचल संपत्ति विवरण	कुल बकाया.... रु.	डिमांड नोटिस तिथि	कब्जा तिथि
श्री मांगीलाल, श्रीमती जमना बाई चौहान श्री पवन चौहान पवन किराना सुतारखेड़ा (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल 1036674)	पटवारी हल्का नंबर 118, ग्राम पंचायत मांग पंजी नंबर 132 का वह पूरा हिस्सा, जो गांव सुतारखेड़ा, आर.एन.एम. सिंगोट, खंडवा ग्राम पंचायत, विकासखंड पंधाना तहसील, खंडवा जिला, मध्य प्रदेश, 450001 में स्थित है। क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में) संपत्ति का प्रकार- भूमिइक्षेत्र, निर्मितइक्षेत्र, कालीनइक्षेत्र संपत्ति क्षेत्र- 1800.00, 400.00, 320.00	रु. 3,54,965/- (रु. तीन लाख चौवन्न हजार नौ सौ पैंसठ मात्र)	18-1-2024	27-9-2024

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस : 102/103, दर्शन मॉल, 15/2, रेस कोर्स रोड, इन्दौर-452001 मध्यप्रदेश/या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- इन्दौर, दिनांक- 1/10/2024 | प्रा. अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

Chola Enter a better life

चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट कार्यालय : 'चोला क्रेस्ट', सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु वि.का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई-600032

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित, इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें इसके पश्चात चोलामंडलम निवेश एवं वित्त कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा. सुरक्षित संपत्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 'जहां है, जैसा है', 'जो है, जैसा है', तथा 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं.

खाता संख्या और उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, बंधककर्ता का नाम	बकाया राशि	अचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)	रिजर्व प्राइस/ ईएमडी/ बिड वृद्धि राशि
ऋण खाता संख्या TL01IND00000039071 **1. मेसर्स अथराव प्रीमियम ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड, (उधारकर्ता)** नंबर 18, कृषि उपज मंडी, नंबर 02, मवसी रोड, देवास, मध्य प्रदेश - 455 001, **2. श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, (सह उधारकर्ता)** **3. श्री आशीष अग्रवाल, (सह उधारकर्ता)** दोनों यहां रहते हैं- नंबर 102, मधुबन कॉलोनी, देवास, मध्य प्रदेश - 455 001. **4. श्री हरीश अग्रवाल, (सह उधारकर्ता)** क्रमांक 158, मधुबन कॉलोनी, मनोज किराना के पास, देवास, मध्य प्रदेश-455001.	30-09-2024 तक 3,29,43,962/-	वार्ड क्रमांक 4, मंडी प्रागण, क्रमांक 02, कराशी उपज मंडी समिति, तहसील एवं जिला- देवास में स्थित प्लॉट क्रमांक 18 में भूमि एवं भवन का पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 135 वर्ग मीटर है, जिसकी सीमा उत्तर में- सड़क, दक्षिण में- मंडी की दुकान, पूर्व में- प्लॉट क्रमांक 19 और पश्चिम में- प्लॉट क्रमांक 17 है.	रु. 80,00,000/- रु. 8,00,000/- रु. 1,00,000/-

ई-नीलामी की तिथि और समय- 11.11.2024-11.00 बजे और 12.00 बजे (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि- 08.11.2024 (शाम 5.30 बजे तक) संपत्ति के निरीक्षण की तिथि- नियुक्ति के अनुसार

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं. विस्तृत जानकारी के लिए- ई-नीलामी पर सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, संभावित बोलीदाता मेसर्स 4 क्लोजर, (संपर्क व्यक्ति- श्री अरिजीत कुमार, फोन नं. 8142000725, ईमेल- arijit@bankauctions.in) से संपर्क कर सकते हैं.
2. नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें- https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices ई-नीलामी में भाग लेने के लिए या संपर्क करें- श्री दिनेश पटेल फोन 99268 03456 और श्री रवि मालवीय-9826682254.

यह नियम 8 (6) नियम 8 और 9 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है.

दिनांक- 1.10.2024 | **अधिकृत अधिकारी**
स्थान- चेन्नई | **चोलामंडलम निवेश और विकंपनी लिमिटेड**

JANA SMALL FINANCE BANK (A scheduled commercial bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस : द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर, इन्दौर-452010

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

क्र.	लोन एकाउंट नं.	मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस तिथि	कब्जा तिथि	वर्तमान बकाया	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि ईएमडी रु. में	ई-नीलामी तिथि व समय	बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान
1.	45589440000634	1. श्री कैलाश आत्मज शंकर लाल 2. श्रीमती सुगन बाई पत्नी कैलाश	27-3-2023	13-8-2024	रु. 7,66,924.10 (रु. सात लाख छियासठ हजार नौ सौ चौबीस व पैसा दस मात्र) 12-9-2024 को	5-10-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक	रु. 7,54,000/- (रु. सात लाख चौवन्न हजार मात्र)	रु. 75,400/- (रु. पिचहत्तर हजार चार सौ मात्र)	12-11-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक	11-11-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4 स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन ए.बी. रोड, विजय नगर, इन्दौर-452010

संपत्ति विवरण अनुसूची- सर्वे नं. 173 वाली जमीन का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 1190 वर्ग फीट है। (110.59 वर्गमीटर), उस पर निर्माण सहित, पी.एच